06/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मानवता के उज्जवल भविष्य को सुरक्षित करने में वैश्विक शांति के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता राष्ट्रों और समुदायों के बीच एकता और सहयोग पर निर्भर करती है। लंदन में 9-10 अक्टूबर को होने वाले विश्व शांति के लिए न्यायविदों और लेखकों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के वरिष्ठ अधिवक्ता और अध्यक्ष आदीश सी अग्रवाल को एक हस्ताक्षरित संदेश में, पीएम मोदी ने दोहराया कि वैश्विक शांति एक उज्जवल भविष्य के लिए मौलिक है, जो हमारे साझा संबंधों को मजबूत करता है। प्रयास एकता पर निर्भर हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी जैसी शख्सियतों से प्रेरणा लेते हुए शांति के प्रति भारत की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जिन्होंने मानवीय गरिमा और कल्याण मूल्यों पर जोर दिया, जो आज भी बेहद प्रासंगिक हैं। 0000000000000000000000

**एक राष्ट्र-एक चुनाव** के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि देशभर में एकसाथ चुनाव से देश को बहुत लाभ होगा। कल इस विषय पर नई दिल्ली में 30वें **लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान** में उन्होंने कहा कि एकसाथ चुनाव से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और

आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा बन सकने जैसे कई दीर्घकालिक लाभ होंगे। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

0000000000000000000000

पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने पर उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने केंद्र सरकार के प्रति कृतज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि यह मान्यता सिर्फ ऐतिहासिक मील का पत्थर भर नहीं है बल्कि एक गहन श्रद्धांजलि है उस भाषा के प्रति जिसने कई पिढ़ियों को खासकर थेरवादा बौद्ध धर्म के शिक्षा के माध्यम से आत्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आकार दिया है। श्री मेन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए यह स्वीकृति उस भाषा से हमारे संबंध को और गहरा करती है जो हमारी आध्यात्मिक परंपराओं को प्रतिबिंबित करती है। यह पहचान पालि भाषा का अध्ययन और प्रशंसा को बढ़ावा देगी। हमारी साझा विरासत को समृद्ध करेगी और हमारे महान राष्ट्र के सांस्कृतिक ताने बाने को मजबूत करेगी। 0000000000000000000000

मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स और साउथ गारो हिल्स जिलों में पिछले शुक्रवार से भारी वर्षा के कारण हुए बाढ़ और भूस्खलन में करीबन दस लोगों ने अपनी जान गंवाई है। एक दिल दहला देने वाली घटना में एक परिवार के सात सदस्य जिसमें तीन बच्चें शामिल थे मारे गए जब Hatiasia Songma गांव में स्थित उनके घर भूस्खलन के कारण दब गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि बचाव दल शवों को निकालने में सक्रीयता से लगे हुए है।

मुख्यमंत्री कोनराड के सांगमा ने दालु और हातियासिया सोंगमा में लोगों के मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को जल्द अनुग्रह राहत राशि प्रदान करने की घोषणा की।

0000000000000000000000

तवांग जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर के वाई तुकशिपा के नेतृत्व में दल के अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं भारत का मानक प्राधिकरण (FSSAI) पर तीन दिवसीय लाईसेंस जांच अभियान जिले में चलाया। टीम ने पुलिस कर्मियों सहित FSSAI के वैध लाइसेंस और एक्सपायर्ड वस्तुओं की जांच की। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए आई ई सी गतिविधियां चलाई। इस तीन दिवसीय अभियान में FSSAI लाइसेंस जारी करने और नवीनीकरण के माध्यम से भी राजस्व उत्पन्न किया गया।

0000000000000000000000

प्रदेश बैडमिंटन संघ (ASBA) ने गत शनिवार को हुए अपनी वार्षिक जनरल बॉडी मिटिंग में राज्य में बैडमिंटन के विकास और बढ़ावा देने के वास्ते कई प्रमुख संकल्प अपनाए गए। ASBA ने युवा प्रतिभाओं की पहचान और पोषण करने के मद्देनजर जिला स्तर पर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने और खेल के प्रचार के लिए नियमित टूर्नामेंट करवाने का संकल्प लिया। संकल्प के अनुसार प्रशिक्षण केंद्र छह महीने के अंदर स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा ASBA सालाना कम से कम चार राज्य स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित करेगा।

बैडमिंटन को अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करने के लिए स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करेगा, क्षमता निर्माण के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों को शामिल करेगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के रुपा बायोर ने विश्व ताइक्वांडो द्वारा विश्व के शीर्ष दस पूमसे रैंकिंग में अपना नाम दर्ज कराकर इतिहास रचा। रुपा बायोर पहली भारतीय ताइक्वांडो खिलाड़ी है जिसनें वर्ल्ड टॉप 10 पुमसो रैंकिंग़ में अपनी जगह बनाई। अपर सुबनसिरी जिले के सिप्पी गांव की रुपा बायोर अब विश्व स्तर पर नौंवे स्थान पर है। हाल ही में वर्ल्ड ताइक्वांडो G2 इवेंट  में बायोर  पहली भारतीय महिला खिलाड़ी रहीं जिसने इवेंट में पदक जीता। Australia के Brisbane में खेले गए WT G2 Australian Open Taekwondo Championship में भी उन्होंने रजत पदक जीता। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू और उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने रुपा बायोर की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उन्होने राज्य और देश दोनों को गौरवान्वित किया है।

0000000000000000000000

मौसम विभाग ने आज पूर्वोत्तोर और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तिन दिनों में अरुणाचल प्रदेश, असम, मेहालय, तामिलनाडू, पुडूचेरी, कराईकल, केरला, माहे, रायालासिमा और दक्षिण आंतरिक  और तटीय कर्नाटका के कुछ जगहों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि आज वेस्ट बेंगल, सिक्किम, बिहार, झारखंड, कोनकान, गोवा, माराथवाड़ा, तामिलनाडू, और पुदुचेरी ने बादल गरने और आंधी तुफान आने की संभावना जताई है।

0000000000000000000000